# बिहार सरकार

# पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

133


**बिहार के सभी जिलों में संचालित 39 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्राओं के निःशुल्क आवासन एवं शिक्षण हेतु सत्र 2026–27 के लिए वर्ग–VI में 1560, वर्ग–VII में 336, वर्ग–VIII में 114 एवं वर्ग–IX में 149 सम्भावित रिक्तियों के विरूद्ध नामांकन से संबंधित सूचना**

**परीक्षा हेतु आवश्यक सूचनाः–**

- ✓ वर्ग–VI, VII, VIII एवं वर्ग–IX में नामांकन वस्तुनिष्ठ परीक्षा के आधार पर होगा। कुल 100 अंको का वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र दो घंटे का होगा, जिसमें हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रत्येक विषयों से 20–20 अंको का प्रश्न पूछा जाएगा।
- ✓ नामांकन हेतु 01.04.2026 को आयु सीमा वर्ग–VI के लिए 10–13 वर्ष, वर्ग–VII के लिए 11–14 वर्ष, वर्ग–VIII के लिए 12–15 वर्ष एवं वर्ग–IX के लिए 13–16 वर्ष होनी चाहिए।
- ✓ आवेदन पूर्ण रूपेण ऑनलाईन (bcebconline.bihar.gov.in) के माध्यम से किया जा सकेगा। ऑनलाईन आवेदन करने में कठिनाई होने की स्थिति में आवेदक अपने जिला के जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय में सम्पर्क कर अपेक्षित सहयोग प्राप्त कर सकते है।
- ✓ प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र ऑनलाईन विभागीय पोर्टल bcebconline.bihar.gov.in से डाउनलोड किया जा सकेगा अथवा संबंधित जिला के जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय से निर्धारित अवधि में प्राप्त किया जायेगा।
- ✓ ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को अंचल द्वारा निर्गत जाति, आय, आवासीय प्रमाण–पत्र, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर को निर्धारित स्थान पर अपलोड करना आवश्यक है।
- ✓ **आवेदिका के माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय तीन लाख तक हो।**
- ✓ **परीक्षा एवं नामांकन निःशुल्क**
- ✓ **नामांकन हेतु आवेदिका की जन्म तिथि उनके शैक्षणिक प्रमाण–पत्र (विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र (S.L.C.) में अंकित तिथि ही अंतिम रूप से मान्य होगा।**

**नामांकन प्रक्रिया की तिथिः–**

- ✓ आवेदन–पत्र समर्पण –10.01.2026 से 09.02.2026 तक
- ✓ प्रवेश–पत्र प्राप्ति – 15.02.2026 से 22.02.2026 तक
- ✓ परीक्षा तिथि – 01.03.2026 (रविवार)
- ✓ परीक्षाफल प्रकाशन – 13.03.2026
- ✓ नामांकन – 16.03.2026 से 23.03.2026 तक
- ✓ कक्षा प्रारम्भ – 01.04.2026



**जिलावार अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2026–27 में नामांकन हेतु कक्षावार रिक्त सीटों की विवरणी :–**

| क्र0 सं0 | जिला | संचालित जिला | कक्षा–VI | कक्षा–VII | कक्षा–VIII | कक्षा–IX |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | अररिया | 40 | 2 | 4 | 1 |
| 2 | अरवल | अरवल | 40 | 28 | 0 | 15 |
| 3 | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 40 | 11 | 1 | 2 |
| 4 | भागलपुर | भागलपुर | 40 | 0 | 2 | 0 |
| 5 | बक्सर ** | बक्सर | 40 | 21 | 1 | 4 |
| 6 | दरभंगा | दरभंगा | 40 | 2 | 1 | 2 |
| 7 | गया | गया | 40 | 1 | 2 | 0 |
| 8 | गोपालगंज ** | गोपालगंज | 40 | 12 | 5 | 5 |
| 9 | जहानाबाद | जहानाबाद | 40 | 8 | 2 | 3 |
| 10 | कैमूर | कैमूर | 40 | 12 | 1 | 7 |
| 11 | खगड़िया | खगड़िया | 40 | 2 | 1 | 2 |
| 12 | किशनगंज | किशनगंज | 40 | 0 | 1 | 2 |
| 13 | मधेपुरा | मधेपुरा | 40 | 1 | 0 | 2 |
| 14 | मुंगेर | मुंगेर | 40 | 0 | 1 | 0 |
| 15 | नालंदा | नालंदा | 40 | 4 | 2 | 1 |
| 16 | नवादा | नवादा | 40 | 15 | 6 | 9 |
| 17 | पटना (मोकामा) | मोकामा, पटना | 40 | 3 | 1 | 1 |
| 18 | पूर्णियाँ | पूर्णियाँ | 40 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | रोहतास | रोहतास | 40 | 9 | 2 | 5 |
| 20 | सहरसा | सहरसा | 40 | 3 | 0 | 0 |
| 21 | समस्तीपुर | समस्तीपुर | 40 | 1 | 2 | 1 |
| 22 | शेखपुरा | शेखपुरा | 40 | 3 | 0 | 2 |
| 23 | सिवान | सिवान | 40 | 14 | 11 | 10 |

| क्र0 सं0 | जिला | संचालित जिला | कक्षा–VI | कक्षा–VII | कक्षा–VIII | कक्षा–IX |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | सुपौल | सुपौल | 40 | 1 | 1 | 4 |
| 25 | भोजपुर * | रोहतास में संचालित | 40 | 24 | 5 | 9 |
| 26 | जमुई ** | मुंगेर में संचालित | 40 | 13 | 5 | 0 |
| 27 | कटिहार * | पूर्णियाँ में संचालित | 40 | 0 | 0 | 2 |
| 28 | लखीसराय * | शेखपुरा में संचालित | 40 | 16 | 2 | 3 |
| 29 | मधुबनी * | दरभंगा में संचालित | 40 | 11 | 5 | 7 |
| 30 | मुजफ्फरपुर* | खगड़िया में संचालित | 40 | 3 | 4 | 3 |
| 31 | पटना* | जहानाबाद में संचालित | 40 | 8 | 0 | 0 |
| 32 | पश्चिम चम्पारण * | प0चम्पारण में संचालित | 40 | 17 | 5 | 2 |
| 33 | पूर्वी चम्पारण ** | | 40 | 16 | 3 | 14 |
| 34 | छपरा (सारण)* | सिवान में संचालित | 40 | 14 | 0 | 0 |
| 35 | शिवहर* | मधेपुरा में संचालित | 40 | 25 | 17 | 16 |
| 36 | सीतामढ़ी * | सहरसा में संचालित | 40 | 9 | 3 | 2 |
| 37 | बाँका ** | बाँका में संचालित | 40 | 6 | 4 | 4 |
| 38 | बेगूसराय ** | समस्तीपुर में संचालित | 40 | 8 | 7 | 2 |
| 39 | वैशाली* | | 40 | 13 | 7 | 7 |
| | कुल रिक्तियां | | **1560** | **336** | **114** | **149** |

* उक्त विद्यालय अन्य जिलों में संचालित है।

** मई, 2026 तक विद्यालय अपने जिला में नव निर्मित भवन में संचालित कर दिया जायेगा।

**अधिक जानकारी हेतु संबंधित जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी/प्रमंडलीय उप निदेशक, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण के कार्यालय से एवं विभाग के वेबसाईट : https://bcebconline.bihar.gov.in/schoolmis/Default.aspx से प्राप्त कर सकते है।**

**निदेशक,**

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

135

**बिहार सरकार**

**पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग**

पत्रांक– पि0व0 / 7 / आ०क०वि०प्र० एवं संधा०–39–14 / 2025– 16

प्रेषक

अनिल कुमार ठाकुर, भा0प्र0से0
निदेशक।

सेवा,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना।
जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, पटना

पटना, दिनांक– 7/1/26

विषयः– अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों के वर्ग–VI, VII, VIII एवं वर्ग–IX में संभावित रिक्तियों के विरूद्व नामांकन की सूचना से संबंधित विज्ञापन 'रंगीन प्रति में' प्रकाशित करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में नामांकन प्रवेश परीक्षा, 2026 हेतु आवेदन पत्रों की आमंत्रण हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को राज्य के सभी जिलों के प्रमुख दैनिक सामाचार पत्रों के सभी संस्करणों में आधे पृष्ठ पर शीघ्र चार दिनों तक रंगीन प्रति में प्रकाशित करने की कृपा की जाय। इस हेतु विज्ञापन के प्रति E-advertisement के माध्यम से भेजी जा रही है।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

7/1/26

(अनिल कुमार ठाकुर)
निदेशक।

ज्ञापांक– पि0व0 / 7 / आ०क०वि०प्र० एवं संधा०–39–14 / 2025– 16 पटना, दिनांक– 7/1/26

प्रतिलिपि–सहायक निदेशक–सह–जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

निदेश है कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर अपलोड कर प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे।

7/1/26

निदेशक।

ज्ञापांक– पि0व0 / 7 / आ०क०वि०प्र० एवं संधा०–39–14 / 2025– 16 पटना, दिनांक– 7/1/26

प्रतिलिपिः–सभी जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

निदेश है कि आवेदन पूर्ण रूपेण ऑनलाईन किया जायेगा लेकिन यदि किसी छात्रा / छात्रा के अभिभावक को ऑनलाईन करने में कठिनाई की स्थिति में अपने कार्यालय में आवेदन ऑनलाईन करने में अपेक्षित सहयोग करना सुनिश्चित करेंगे।

7/1/26

निदेशक।

P.T.O

"D:\SUMAN NEW\Draft.doc"

134



ज्ञापांक– पि0व0 / 7 / आ०क०वि०प्र० एवं संधा०–39–14 / 2025– 16 पटना, दिनांक– 7/1/26

प्रतिलिपिः–सभी उप निदेशक, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

7/1/26
निदेशक।

ज्ञापांक– पि0व0 / 7 / आ०क०वि०प्र० एवं संधा०–39–14 / 2025 16 पटना, दिनांक– 7/1/26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

7/1/26
निदेशक।

ज्ञापांक– पि0व0 / 7 / आ०क०वि०प्र० एवं संधा०–39–14 / 2025– 16 पटना, दिनांक– 7/1/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि विज्ञापन एवं नामांकन संबंधी अन्य जानकारी को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

7/1/26
निदेशक।